an>

Title: Regarding pending projects relating to distribution of Yamuna water among different states.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने शून्यकाल में अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया।

महोदया, मैं यमुना जल बंटवारे में विभिन्न राज्यों के हिस्सों से सम्बन्धित लम्बित पड़ी योजनाओं के सन्दर्भ में मुद्दा उठाना चाहती हूं। राजस्थान को यमुना नहर से मात्र एक प्रतिशत पानी मिल रहा है, जबकि उसका वास्तविक हिस्सा नौ प्रतिशत है। राजस्थान और हरियाणा के घोषित अधिकार हैं कि यमुना कैचमेंट एरिया के ताजेवाला हेडवर्क से पानी मिले, जिसमें चुरू, भरतपुर और झुंझुनू अभी तक अपने हिस्से के पानी का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 1994 से अभी तक यमुना जल बंटवारे की योजनाओं में राज्यों के सचिवों की कुछ बैठकें होने के अलावा कोई काम नहीं हुआ है, कोई प्रगति नहीं हुई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं कि नदी जल बंटवारे का जो समझौता पांच राज्यों के बीच हुआ था, उसे अतिशीघ्र लागू किया जाए और मेरे क्षेत्र को पीने का पानी मुहैया कराया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री श्री राहुल कस्वां, श्री देवजी एम. पटेल, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्रीमती संतोष अहलावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**19.00hrs**

श्री हुकुम सिंह (कैराना) : महोदया, मैंने अपनी सूचना में उत्तर प्रदेश की सड़कों के बारे में उल्लेख किया है, लेकिन अभी मैं केवल अपने क्षेत्र तक सीमित रहना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : यह बहुत अच्छा रहेगा।